# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग

शंकर नगर रोड, भगत सिंह चौक, रायपुर (छ.ग.)

## सिविल जज (मुख्य) परीक्षा–2020 के आयोजन की सूचना दिनांक 25.01.2021

विज्ञापन क्रमांक 02/2020/परीक्षा/दिनांक 31/01/2020

## सिविल जज मुख्य परीक्षा–2020

क्रमांक/4469/05/परीक्षा/2021 रायपुर दिनांक : 25.01.2021

**ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि – 27.01.2021 से 05.02.2021**
**ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि सुधार करने की तिथि – 07.02.2021 से 08.02.2021**

01. छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा विज्ञापन क्रमांक 02/2020/परीक्षा/दिनांक 31/01/2020 द्वारा सिविल जज हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त विज्ञापन के अंतर्गत दिनांक 10/11/2020 को सिविल जज (प्रवेश स्तर) परीक्षा–2020 हेतु ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन बिलासपुर, दुर्ग एवं रायपुर जिला मुख्यालयों में किया गया था।

02. परीक्षा के अगले चरण में प्रवेश स्तर परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर चिन्हांकित किए गए आवेदकों हेतु **सिविल जज (मुख्य) परीक्षा–2020 का आयोजन किया जाना है।**

03. सिविल जज (मुख्य) परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा दिनांक 27.01.2021 **(दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 05.02.2021 (रात्रि 11:59 बजे) तक www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध रहेगी। दिनांक 07.02.2021 (दोपहर 12:00 बजे) से दिनांक 08.02.2021 (रात्रि 11:59 बजे) तक आवेदक अपने मुख्य परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार कर सकेंगे।** इस हेतु पोर्टल शुल्क रुपये 30/– + जी.एस.टी. शुल्क देय होगा। आवेदक केवल एक बार ही त्रुटि सुधार कर सकेंगे। दिनांक 08.02.2021 के बाद किसी भी त्रुटि का सुधार नहीं किया जा सकेगा। इस संदर्भ में कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जा सकेगा। सिविल जज प्रवेश स्तर परीक्षा–2020 तथा मुख्य परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन में दी गई जानकारी, साक्षात्कार के पूर्व मूल दस्तावेजों के सत्यापन के दौरान सही नहीं पाए जाने पर अभ्यर्थी को अनर्ह घोषित किया जा सकेगा। (ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार हेतु विस्तृत जानकारी **"परिशिष्ट–एक"** पर संलग्न है।)

04. आवेदन करने हेतु आवेदक अपने घर पर उपलब्ध इंटरनेट अथवा किसी भी प्रकार के सायबर कैफे से भी क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड या भारतीय स्टेट बैंक के इंटरनेट बैंकिंग खाते के माध्यम से शुल्क भुगतान कर आवेदन कर सकते है। आवेदन करने के पूर्व आवेदक अद्यतन फोटो सह हस्ताक्षर की एक स्केन प्रति तैयार रखें।

05. सिविल जज मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले आवेदकों को परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सिविल जज मुख्य परीक्षा का आवेदन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना होगा। अन्य किसी माध्यम से भेजे गए आवेदन आयोग द्वारा स्वीकार नहीं किए जाएंगे। सिविल जज मुख्य परीक्षा–2020 हेतु निम्नानुसार आवेदन तथा परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा :–

| | |
|---|---|
| छत्तीसगढ़ राज्य के अधिसूचित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग एवं निःशक्तजन श्रेणी के आवेदकों हेतु | रुपये 300/– |
| छत्तीसगढ़ अनारक्षित तथा छत्तीसगढ़ राज्य के अतिरिक्त अन्य राज्यों के मूल निवासी आवेदकों हेतु | रुपये 400/– |
| उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त आवेदकों को पोर्टल शुल्क रुपये 30/– + जी.एस.टी. शुल्क भी देना होगा | |

उपरोक्त आवेदन एवं परीक्षा शुल्क तथा पोर्टल शुल्क के अतिरिक्त किसी भी रुप में अन्य कोई राशि का भुगतान नहीं करना है।

06. मुख्य परीक्षा की परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम सिविल जज परीक्षा–2020 के विस्तृत विज्ञापन जो रोजगार और नियोजन के दिनांक 05.02.2020 के अंक में प्रकाशित किया गया है, सविस्तार उल्लेखित है। आवेदक उक्त विज्ञापन का ध्यानपूर्वक अध्ययन करके ही ऑनलाइन आवेदन करें।

07. आवेदकों को मुख्य परीक्षा हेतु जारी किए जाने वाले ऑनलाइन प्रवेश पत्र पर भी सिविल जज (मुख्य) परीक्षा–2020 की समय–सारिणी उपलब्ध रहेगी।

25/01/2021
सचिव
छ.ग. लोक सेवा आयोग,
रायपुर

https://www.freshersnow.com/chhattisgarh-govt-jobs/